तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4

बालको में उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान समारोह में 528 कर्मचारी हुए सम्मानित



## खबर संक्षेप

### पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में राज्य के सभी जिलों में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान राज्य को पोलियो मुक्त बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के अंतर्गत 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक (बूंदें) पिलाई जाएंगी। जिला कोरबा में लगभग 1 लाख 72 हजार बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, सार्वजनिक स्थलों पर अस्थायी बूथ बनाकर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस संबंध में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सी के सिंह के द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं बी पी एम का बैठक लेकर तैयारी का जायज़ा लिया गया।

### एसईसीएल दीपका में एटक ने जेसीसी का किया पुनर्गठन

**कोरबा।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने दीपका क्षेत्र में जेसीसी का पुनर्गठन किया है। केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा की उपस्थिति में बैठक रखी गई, जिसमें यह कार्य संपन्न हुआ। संयुक्त सलाहकार और वेलफेयर समिति में क्षेत्रीय अध्यक्ष जीत सिंह, क्षेत्रीय सचिव विनोद यादव, सदस्य अजय राठौर और वेलफेयर सदस्य सत्येंद्र मिश्रा को शामिल किया गया है। क्षेत्रीय सचिव विनोद यादव ने सीजीएम दीपका को इस बारे में सूचना भेज दी है। इस पर कहा गया है कि नवगठित क्षेत्रीय समिति को कर्मचारी हित में प्रबंधन के साथ वार्ता और संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत किया गया है। विनोद ने बताया कि एटक की नीति शुरु से पारदर्शी रही है और वह राष्ट्रीय व स्थानीय श्रमिक हितों को लेकर जुझारू रही है।

### पीजी कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में वनस्पति शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित हुआ। जिसमें एमएससी वनस्पति शास्त्र के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के दल ने आचार्य जेसी बसु इंडियन बॉटनिकल गार्डन, कोलकाता का भ्रमण कर जानकारी ली। गार्डन के डायरेक्टर डॉ. देवेन्द्र सिंह ने छात्रों को विश्व के सबसे बड़े बगद वृक्ष, विक्टोरिया अमेजोनिका, नक्षत्र वाटिका, टैक्सोनोमिक पार्क, चरक वाटिका की जानकारी के साथ ही अनेक दुर्लभ व संकटापन्न पादप प्रजातियों के बारे में बताया। छात्रों ने इसके पश्चात सेंट्रल नेशनल हरबेरिम का भ्रमण कर भारत के सबसे बड़े हरबेरिम की जानकारी प्राप्त की। इस हरबेरिम में लगभग 25 लाख स्पेसिमेन संरक्षित करके रखे गए हैं। सेंट्रल नेशनल हरबेरिम की वनस्पति शास्त्री डॉ. दीप्ति डे ने इस इंस्टिट्यूट व हरबेरिम तकनीक पर प्रस्तुतिकरण दिया।

### खदान में मजदूरों की जान से खिलवाड़ हो बंदः मसीह

**कोरबा।** सांसद प्रतिनिधि शेत मसीह ने ज्ञापन जारी कर कहा है कि एसईसीएल गेवरा खदान में पिछले एक साल से लगातार मजदूरों के मौत का मामला सामने आया है। चालू वर्ष 2025 में अब तक यहां पांच मजदूरों की जान जा चुकी है और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मिट्टी धंसने, बिजली का करंट, मशीन पलटने, ट्रेलर-लोडर टक्कर जैसी घटनाएँ आम हो गई हैं। इन सभी मामलों में खान सुरक्षा महानिदेशालय की जांच या तो पूरी हो चुकी है या चल रही है, लेकिन प्रबंधन और दोषी अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। खाना पूर्ती के लिए निचले अधिकारियों अथवा लिपिक स्तर के कर्मचारियों का स्थानांतरण मात्र किया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि पर्यावरण विभाग शेत मसीह ने खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद के महानिदेशक को पत्र लिखकर शिकायत की है।

# बिजली कर्मचारियों को बिजली बिल की छूट पर लगी रोक, महासंघ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी विद्युत कंपनी में प्रबंधन और कर्मचारी संगठन के बीच टकराव की स्थिति बनती नजर आ रही है। बिजली कर्मचार महासंघ ने प्रबंधन के एक आदेश को तुगलकी फरमान करार देते हुए उसे वापस लेने की मांग की है। महासंघ ने कंपनी प्रबंधन को आगाह किया है यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

अलग खबर

दरअसल बिजली कंपनी के स्टाफ को बिजली बिल में मिलने वाली विशेष छूट को कंपनी प्रबंधन ने बंद कर दिया है। इसके जरिये कंपनी प्रबंधन स्टाफ पर रुफ टाप सोलर प्लांट लगाने के लिए बाध्य कर रही है। महासंघ इसी का विरोध कर रहा है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर बिजली बिल में मिलने वाली रियायत को बंद करने का आदेश वापस लेने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बिजली वितरण कंपनी ने अगस्त माह में एक निर्देश जारी किया था। इसमें विद्युत कंपनी में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी के अपने स्वयं के आवासीय परिसर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटाप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित के लिए कहा गया था। इस आदेश दिनांक से 3 माह के भीतर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित नहीं किए जाने की स्थिति में विशेष रियायत की सुविधा को स्थगित किए जाने पर विचार किए जाने की बात कही गई थी। महासंघ ने इसे तुगलकी आदेश बताते हुए विरोध दर्ज कराया था। महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने इस आदेश के कियान्वयन के फलस्वरूप कर्मचारियों अधिकारियों को होने वाले आर्थिक नुकसान और व्यवहारिक दिक्कत से अवगत कराया गया था। साथ ही रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापना का खर्च कंपनी प्रबंधन द्वारा वहन करने आग्रह किया ⏭ शेष पेज 3 पर

### तीन माह के भीतर रुफटाप सोलर पावर प्लांट स्थापित नहीं करने पर विशेष रियायत हुई बंद

**खास बातें**

- मध्यप्रदेश के समय से मिल रहे अनुषंगी लाभ, विद्युत देयक में 50-25 प्रतिशत छुट हुआ बंद



**25 नवंबर को खत्म हुई डेड लाईन**

इसके बाद कंपनी प्रबंधन ने 25 नवंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने निर्देशित करते हुए रजिस्ट्रेशन नहीं कराए जाने की स्थिति में नवंबर 2025 के विद्युत बिल में विशेष रियायत की सुविधा स्थगित किए जाने का आदेश जारी किया था।

## कटघोरा नगर में 54 जगह पर किया जाएगा बोर

# लिथियम की मौजूदगी जानने खदान की ड्रिलिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्रस्तावित लिथियम खदान के लिए ड्रिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 256 हेक्टेयर में ड्रिलिंग की जा रही है। इसके लिए जगह-जगह 54 बोर किए जाएंगे। 100 मीटर की गहराई तक मिट्टी के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसकी जांच के बाद स्पष्ट होगा कि यहां प्रति क्यूबिक मीटर में लिथियम की कितनी मौजूदगी है।

**खास बात**

- 100 मीटर गहराई तक एकत्र किए जाएंगे सैंपल



फाइल फोटो

जिले के नगर पालिका परिषद कटघोरा से लगी 256 हेक्टेयर जमीन पर लिथियम की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। ऊंची बोली लगाकर खदान को हासिल करने वाली निजी कंपनी माइकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने चिन्हित जमीन पर लिथियम की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में मिट्टी और चट्टानों के सतही अध्ययन के बाद यहां पर ट्रेंचिंग शुरू हुई है। साथ ही अलग-अलग जगहों पर बड़ी-बड़ी मशीनें जमीन के भीतर होल कर रहीं हैं। यहां कितना लिथियम है इसका पता पूरी तरह से तीन से चार माह में लगेगा। पहले चरण में निजी कंपनी की ओर से गैर वानिकी भूमि पर दो जगहों पर ड्रील किए गए हैं। आने वाले दिनों में वानिकी भूमि पर ड्रील करके सैंपल लिया जाएगा। मैकी साउथ कंपनी ने लिथियम ब्लॉक में व्यापक सर्वे के लिए एक अन्य कंपनी से अनुबंध किया है। यह कंपनी लिथियम की मौजूदगी के संबंध में चिन्हित किए गए भू-भाग पर ड्रील कर रही है। इसके जरिए जमीन के भीतर से कच्चे पदार्थ को बाहर निकाला जाएगा और इसकी जांच प्रयोगशाला में की जाएगी। लिथियम को भविष्य की धातु कहा जाता है। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल बैटरी बनाने में किया जाता है। मोबाइल, कंप्यूटर या इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी भी लिथियम की बनी होती है। लिथियम को दुर्लभ तत्व माना गया है। अभी तक देश में लिथियम का उत्पादन करने वाला कोई राज्य नहीं है। पहली बार इस दुर्लभ तत्व की मौजूदगी की पुष्टि जिले के कटघोरा में स्थित मानगुरू की पहाड़ियों में हुई है।

### इन क्षेत्रों में होगी ड्रिलिंग

कटघोरा लिथियम की मौजूदगी की पुष्टि जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की है। इसके आधार पर बताया गया है कि कटघोरा पालिका परिषद से लगे गांव महेशपुर, घरीपखना, रामपुर, नवागांव, घुंचापुर आदि शामिल है। जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से किए गए सर्वे में घुंचापुर में सबसे ज्यादा लिथियम के मौजूदगी की पुष्टि हुई है।

# कुसमुंडा खदान मुद्दे पर सीकेएस की अहम बैठक, कई फैसले



बैठक में शामिल सीकेएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा स्थित महतारी अंगना परिसर में मंगलवार को छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष दिलीप मिरी, जिला संयोजक अतुलदास महंत, जिला अध्यक्ष अलेक्जेंडर टोप्पो, जिला सचिव विनोद सारथी, खेम साहू, कन्हैया सुंदर, नरेश महंत, हेमंत, देवनाथ, अशोक सहित बड़ी संख्या में सेनानी और मजदूर मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार, हाल की घटनाओं और मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। चर्चा में संगठन को मजबूत करने और सदस्यों को एकजुट रखने पर सहमति बनी। 6 दिसंबर को कुसमुंडा खदान में हुई घटना पर सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की। काम बंद आंदोलन के दौरान जेल गए सदस्यों से जुड़े मामलों की गंभीर समीक्षा की गई। एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक द्वारा पूर्व समझौते के ⏭ शेष पेज 3 पर

# गेवरा के प्रभावित ग्रामीणों ने वैशाली नगर खम्हरिया में विस्थापन की रखी मांग



ज्ञापन सौंपते प्रभावित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम गेवरा के प्रभावित ग्रामीणों ने वैशाली नगर खम्हरिया ग्राम में विस्थापन सहित डीआरसी की बैठक बुलाए जाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुसमुंडा प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर तीन सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग रखी है। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर निर्णायक आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 2015 में इंदिरा स्टेडियम कुसमुंडा में आयोजित जनसुनवाई में प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी कि गेवरा ग्राम का विस्थापन वैशालीनगर-खमरिया ग्राम में किया जाएगा। इस सार्वजनिक घोषणा को 11 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक न तो विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की गई है न ही महत्वपूर्ण डीआरसीसी बैठक बुलाई गई है और न ही ग्रामीणों को उनका वैध मुआवज़ा प्रदान किया गया है। ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गेवरा ग्राम को जानबूझकर पीछे धकेलते हुए जरहाजेल डंपिंग और बरमपुर डंपिंग जैसी अन्य परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है ग्रामीणों ने इसे जनसुनवाई में किए गए वादों का खुला उल्लंघन और ग्रामवासियों के साथ घोर अन्याय बताया है। ग्रामीणों के अनुसार यह अनदेखी दर्शाती है कि उन्हें जानबूझकर परियोजना से बाहर करने की कोशिश की जा रही है जो कि सरासर धोखा है। ज्ञापन के अंत में ग्रामीणों ने एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी है कि मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीण निर्णायक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### तीन सूत्रीय है मांगें

ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि गेवरा ग्राम के विस्थापन और मुआवज़े पर अंतिम निर्णय लेने के लिए डीआरसीसी मीटिंग अविलंब आयोजित की जाए। गेवरा ग्राम को जरहाजेल डंपिंग और बरमपुर डंपिंग के समान स्तर पर विस्थापन प्रक्रिया में तुरंत शामिल किया जाए। 11 वर्षों से लंबित उनके वैध मुआवज़े का तत्काल और पूर्ण भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# तीन सदस्यीय समिति गठित कर करें लोड बेयरिंग टेस्ट : वसंत



कुदुरमाल पुल का निरीक्षण करते कलेक्टर श्री वसंत एवं अन्य।



बालको रिस्दा चौक में लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद कई प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किए जाने से रिंग रोड में भारी वाहनों के लगातार जाम लगने और आम लोगों को हो रही भारी समस्याओं तथा ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के द्वारा भारी वाहनों के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग की मांग किए जाने के बाद कलेक्टर ने कुदुरमाल पुल का निरीक्षण करने के साथ तीन सदस्यीय टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सेतु, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के इंजीनियरों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने और पुल का निरीक्षण कर लोड बेयरिंग टेस्ट कर रिपोर्ट सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर ने मार्ग की वर्तमान स्थिति का भी अवलोकन किया। निरीक्षण में सेतु, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम के इंजीनियरों के साथ-साथ अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- कलेक्टर ने कुदुरमाल पुल का किया निरीक्षण
- वैकल्पिक मार्ग के लिए अध्ययन के दिए निर्देश

भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगने के बाद उनका मार्ग बदल दिया गया है। इससे शहर के प्रमुख मार्गों के साथ बीच शहर में भी भारी वाहनों का जाम लगना शुरु हो गया है। बालको रिसदी चौक से लेकर रुमगरा ⏭ शेष पेज 3 पर

### धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण



कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कनकी के धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और किसानों से संवाद किया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी एवं प्रबंधक को निर्देशित किया कि खरीफ सीजन के धान केवल वास्तविक और पंजीकृत किसानों से ही खरीदे जाएँ। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की समग्र व्यवस्था का अवलोकन करते हुए यह निर्देश दिए कि धान का भंडारण एवं स्टैकिंग सुरक्षित, सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप किया जाए, ताकि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न आए। साथ ही बारदाने की संख्या का पंजी में शत-प्रतिशत सही एंट्री सुनिश्चित करने और बारदानों में स्टेंसिल लगाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने उपार्जन केंद्र में लगे कैमरों को सदैव क्रियाशील रखने और आवक एप्लीकेशन में प्रत्येक किसान की जानकारी पूरी तरह दर्ज करने के निर्देश दिए, जिससे खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए अवैध धान को बेचने से रोकने सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अवैध धान खपाने की जानकारी मिले तो प्रशासन को अवश्य सूचित करें।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका हितग्राहियों को कर रही हैं फोन

# महतारी वंदन, हितग्राहियों को केवाईसी के लिए बुला रहे च्वाइस सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महतारी वंदन हितग्राहियों को उनके बैंक खातों के केवाईसी कराने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उनको कॉल कर च्वाईस सेंटर भेज रही है। इसमें ऐसे कई हितग्राही हैं जिन्होंने एक माह पूर्व ही केवाईसी कराया है और उन्हें दोबारा केवाईसी के लिए च्वाईस सेंटर भेजा जा रहा है। शहर के कई च्वाईस सेंटर बीते कुछ महीनों से इसी तरह के कार्य कर रहे हैं।



फाइल फोटो


महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों से महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के फार्म डेढ़ वर्ष पूर्व जमा कराए गए थे। योजना की शुरुआत के समय सभी प्रकार के मापदंड पालन करने वाले हितग्राहियों ने अपने आवेदन बैंक खाते सहित जमा किये थे। एक साल बाद अब इन हितग्राहियों को केवाईसी के लिए बार बार च्वाईस सेंटर बुलाया जाता है इन च्वाईस सेंटरों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मिली भगत का उदाहरण शहर के ही हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र के रिहायशी इलाकों में देखने को मिल रहा है जहां एक माह पूर्व एक च्वाईस सेंटर से केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों को क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फोन कर उन्हें दोबारा दूसरे च्वाईस सेंटर में केवाईसी कराने को कहा जाता है। इससे हितग्राही इस बात से अचंभित हैं कि जब केवाईसी करा लिया गया है तो दोबारा दूसरे च्वाईस सेंटर में जाने की क्या जरुरत है। हितग्राहियों के ऐसे सवालों का महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है। उनके द्वारा यही कहा जाता है कि हितग्राहियों को अपने बैंक खाते का केवाईसी बैंक जाकर ही कराना चाहिए।

### शासकीय योजनाओं का शुल्क निर्धारित नहीं

च्वाईस सेंटरों में शासकीय योजनाओं के आवेदन जमा करने या किसी अन्य आवेदनों के सुधार के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं होने के कारण उनके द्वारा मनमानी शुल्क वसूला जा रहा है। एक ही शहर में चलने वाले च्वाईस सेंटर में महतारी वंदन हितग्राहियों के केवाईसी कराने जिस तरह से अलग अलग शुल्क लिए जा रहे हैं उससे इस बात की पुष्टि होती है कि च्वाई सेंटर संचालक शासकीय योजनाओं के आवेदन भराने के नाम पर आम हितग्राहियों से मनमानी शुल्क लेकर उन्हें लूट रहे हैं जबकि उनको शासकीय योजनाओं लिए शुल्क भी निर्धारित है लेकिन ऐसे किसी शुल्क की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। च्वाईस सेंटर के इस तरह के कार्यों पर प्रशासन ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है।

### पीजी कॉलेज में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**कोरबा।** कोसाबाड़ी में स्थित शासकीय पीजी कॉलेज में स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर कर समर्थन किया।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने वाले कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कछार कचरा फैक्ट्री के पास भारी मात्रा में देशी शराब लेकर बिक्री करने जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर कछार निवासी विक्रम पटेल पिता बिहारी पटेल 25 साल को पकड़ लिया। थैले की तलाशी लेने पर 39 पाव देशी शराब मिला। पुलिस ने शराब जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बहला फुसलाकर नाबालिग से अनाचार

**बिलासपुर।** बहला फुसला कर घर से भगाकर नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 26 नवंबर 2025 को क्षेत्र की एक नाबालिग लापता हो गई थी। परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली, तखतपुर लिम्हा निवासी बसंत रात्रे पिता नामदास रात्रे 20 साल नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया है। सूचना पर पुलिस ने तुर्काडीह में दबिश देकर युवक को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पूछताछ में नाबालिग ने शारीरिक संबंध बनाने की जानकारी दी। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### भाकपा ने मनाया मानव अधिकार दिवस

**बिलासपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने देवरीखुर्द स्थित चंद्रशेखर आजाद मूर्ति के पास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार शर्मा, सुखऊ निषाद, लल्लन सिंह, एचडी पाईक, दुर्गा प्रसाद मेरसा, सफीउल्लाह खान, विक्रम शर्मा, महिला नेत्री पुरैन साहू, संजू ठाकुर, कंचन सोनी, विमला सरकार, गणेश निषाद, मनराखन सिंह गोड़, मंशाराम ठाकुर, चिल्लू सिंह ठाकुर, कन्हैया लाल यादव, संजय सिंह, शिव दिनकर, गणपत लाल, टिकेश कुमार, धीरज शर्मा, मदन साहू, प्रमोद मसीह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष से शव वाहन प्रदान करने मांग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज साहब के शहर आगमन पर रहमतबाग मुस्लिम कब्रिस्तान इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यों ने बीजीपी अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य प्यारू मोहम्मद के नेतृत्व में मुलाकात की। सदस्यों ने सफर ए आखिरत शव वाहन की मांग अध्यक्ष से की। सदस्यों के आवेदन पर सलीम राज ने अनुशंसा कर दी। आवेदन को कमेटी के सदस्यों ने मंथन सभाकक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम में मुलाकात कर शव वाहन प्रदान करने निवेदन किया था, जिसपर कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कल

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 दिसम्बर को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन एवं जिला स्तर पर विभाग प्रमुख उपस्थित होंगे। साथ ही 11 दिसम्बर तक बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा जिला कार्यालय के वित्त शाखा में प्रस्तुत करने कर्मचारी संगठन को निर्देश दिए गए हैं।

## आने वाले शैक्षणिक सत्र से योजना लागू करने की तैयारी

# 13 हजार से अधिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास अब ऑडियो-वीडियो कंटेंट से पढ़ेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 13 हजार से अधिक माध्यमिक और हाई स्कूलों में अब स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शिक्षा विभाग ने इस व्यवस्था को आने वाले शैक्षणिक सत्र से ही लागू करने की तैयारी तेज कर दी है। इसके बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए डिजिटल माध्यम, ऑडियो-वीडियो कंटेंट और ऑनलाइन शिक्षण का लाभ पहले से कहीं अधिक सुगमता से मिलेगा। ध्यान रहे कि प्रदेश में फिलहाल 1,388 स्कूलों में कंप्यूटर लैब और 5,857 स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित हैं। स्कूलों की संख्या को देखते हुए यह सुविधा अभी भी सीमित दायरे में थी। अब शिक्षा विभाग ने स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के दायरे को बढ़ाकर हर जिले, हर विकासखंड और हर ब्लाक के स्कूलों तक पहुंचाने की योजना बनाई है। संबंधित जिलों के अधिकारियों को स्कूलों की भौगोलिक स्थिति और छात्र संख्या के आधार पर प्राथमिकता तय करने के निर्देश भी भेज दिए गए हैं।

- प्रदेश में फिलहाल 1,388 स्कूलों में कंप्यूटर लैब की सुविधा
- डिजिटल माध्यम, ऑडियो-वीडियो कंटेंट से पढ़ाया जाएगा



**तैयारी तेज कर दी गई**

आने वाले शैक्षणिक सत्र से ही इस योजना लागू करने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसके बाद बच्चों को पढ़ाई के लिए डिजिटल माध्यम, ऑडियो-वीडियो कंटेंट और ऑनलाइन शिक्षण का लाभ पहले से कहीं अधिक सुगमता से मिलेगा।

- **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### दो मॉडलों पर काम

केंद्र प्रायोजित आइसीटी (इन्फार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलाजी) योजना के तहत दो मॉडल पर काम चल रहा है। पहला मॉडल आइसीटी लैब का है, जिसमें कंप्यूटर सिस्टम स्थापित किए जाते हैं। यह लैब शिक्षक और विद्यार्थियों दोनों के उपयोग के लिए होती है। इसका उद्देश्य छात्रों को टेक्नोलाजी के माध्यम से पढ़ाई, ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अन्य शिक्षण गतिविधियों से जोड़ना है। एआई आधारित लर्निंग, भाषा सुधारक टूल, वीडियो लेक्चर और वर्चुअल कान्सेप्ट क्लास जैसे साधनों का भी उपयोग किया जाएगा।

### ग्रामीण और शहरी स्कूलों के बीच कम होगा अंतर

गौरतलब है कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 56,895 स्कूल हैं। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट क्लास प्रणाली से ग्रामीण और शहरी स्कूलों के बीच शिक्षा के स्तर का अंतर कम होगा। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा की वही सुविधाएं मिलेंगी जो बड़े शहरों में उपलब्ध हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जल्द ही शिक्षकों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, ताकि वे डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर सकें। इस दिशा में चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा और हर जिले में मानिटरिंग सेल भी बनाई जाएगी।

### ऑडियो सिस्टम और डिजिटल माड्यूल

योजना का दूसरा हिस्सा स्मार्ट क्लासरूम है। इसमें बड़ी स्क्रीन, प्रोजेक्टर, ऑडियो सिस्टम और डिजिटल माड्यूल के माध्यम से स्कूलों में पढ़ाई कराई जाएगी। एक-एक स्कूल में बच्चों की संख्या के आधार पर एक से चार तक स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जाएंगे। शिक्षा विभाग का मानना है कि इससे पढ़ाई अधिक रोचक होने के साथ-साथ कठिन विषयों को भी बच्चों को सरलता से समझाया जा सकेगा, जिससे सीखने की गति और परिणाम दोनों में सुधार आएगा।

## सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन व शासन के बीच पांच वर्ष का अनुबंध समाप्त

# मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिए गली मोहल्लों में इलाज की सुविधा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के लोगों को पिछले एक महिने से मेडिकल मोबाइल यूनिट बस के जरिए इलाज की सुविधा मिलनी बंद हो गई है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट की बस गली-मोहल्लों में जाकर इलाज की सुविधा मुहैया कराती थी, लेकिन शासन व सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन के बीच पांच वर्ष का अनुबंध समाप्त हो जाने के कारण ये मोबाइल यूनिट बसें नगर निगम कोनी बस डिपो में खड़ी है।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत गली-मोहल्लों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच रही थी। मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिए स्लम क्षेत्रों में जाकर मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम बीमार, जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क इलाज करती थी। इस योजना के पहले गरीब तबके के लोगों को छोटे-छोटे बीमारियों के इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते थे और इलाज0 में उनका काफी खर्च भी हो जाता था तथा अस्पताल आने-जाने में समय लगता था और परेशानी भी होती थी। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से शहरों के स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक बेहतर ईलाज तो मिल ही रहा था साथ ही निःशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा और दवाई भी दी जाती थी। इसके लिए राज्य शासन और सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन के बीच वर्ष 2020 में अनुबंध हुआ था। यह अनुबंध पांच वर्ष के लिए था जो 1 नवंबर 2025 को पूरा हो गया है। नगर निगम की ओर से अनुबंध आगे बढ़ाने के संबंध में शासन को पत्र लिखा गया है, किन्तु शासन से अब तक इस संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है इसलिए मेडिकल मोबाइल यूनिट वाली पांच में से चार बसें कोनी सिटी बस डिपो परिसर में खड़ी है।

**कोनी बस डिपो में खड़ी है बसें**




कोनी बस डिपो में खड़ी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की बसें।

### मेडिकल मोबाइल यूनिट अपने आपमें अस्पताल

मेडिकल मोबाइल यूनिट वाली बसें अपने आप में पूरा अस्पताल है, जिसमें डॉक्टर समेत मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं मौजूद रहती थी। इसमें ब्लड, यूरिन कल्चर सीबीसी, मलेरिया जैसे रोगों की जांच निःशुल्क की जाती थी। मोबाइल यूनिट में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, पल्स ऑक्सीमीटर जैसे स्वास्थ्य उपकरण भी उपलब्ध है।

### नवंबर 2020 में शुरू हुई थी योजना

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत राज्य के सभी नगर निगमों में स्लम एरिया के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मेडिकल मोबाइल यूनिट के जरिए निःशुल्क ईलाज की सुविधा 1 नवंबर 2020 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू किया गया था।

### शासन को पत्र लिखा गया

शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट संचालन के लिए शासन और सांई राम टेक्नो मैनेजमेंट साल्यूशन कंपनी के बीच अनुबंध 1 नवबंर को समाप्त हो गया है। आगे मोबाइल यूनिट चलाने के लिए स्टाफ के वेतन भुगतान आदि की समस्या आएगी इसलिए इस संबंध में शासन को पत्र लिखा गया है। अभी तक इस बारे में कोई निर्देश नहीं आया है इसलिए मोबाइल यूनिट बसें बंद खड़ी हैं।

-अनुपम तिवारी
स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

# पुराने आरक्षकों की सहायता से सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एक माह की कड़ी मेहनत व पुराने अनुभवी आरक्षकों की सहायता से तिफरा में उत्तर प्रदेश के ड्राइवर की अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में बड़ी सफलता मिल गई है। पता चला है कि नशे में कहासुनी होने से दो युवकों ने मारपीट कर पत्थर से कुचलकर ड्राइवर की हत्या कर दी थी। उसके बाद पहचान छिपाने के लिए अपना व मृतक के थैले में रखे कपड़ा से लाश को जला दिया था। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया, 7 नवंबर 2025 के तिफरा होटल ग्रेण्ड लोटस के पीछे झाड़ियों के बीच एक अज्ञात पुरूष की अधजली लाश मिली थी। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गए। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। सीएसपी श्री परिहार ने टीआई किशोर केंवट के साथ साइबर सेल के सहयोग घटनास्थल के पास मोबाइल टावर डंप कराया गया। 200 से अधिक मोबाइल नंबर सामने आए। उसमें से बंद मोबाइल नम्बर की छंटनी कर उसका काल डिटेल निकालकर परिजन से संपर्क किया। उसके बाद मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश सेमिया नेवारी जुगैल सोनभद्र उत्तर प्रदेश निवासी ड्राइवर गोपाल कोल पिता मुन्ना कोल 26 साल के रूप में पहचान हुई।

### दोनों आदतन आरोपी हैं

टीआई श्री केंवट ने बताया, आरोपी धनेश उर्फ राजू लोधी के खिलाफ पूर्व में चोरी, मारपीट, हत्या के प्रयास के सहित 5 मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी अरूण दास मानिकपुरी के खिलाफ पूर्व में मारपीट लूट, चोरी के दो मामले दर्ज है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मृतक शराब दुकान से एक पव्वा देशी शराब लेकर होटल के पीछे बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान उक्त दोनों आरोपी आए और पास में बैठकर शराब पीने लगे। दोनों आरोपियों को अधिक नशा हो गया और नशे में मृतक के साथ विवाद करने लगे। वह भी नशे में झगड़ने लगा और उनके बीच तू तू मै मै होने लगी। गुस्से में आकर दोनों आरोपियों ने मारपीट कर उसे जमीन में गिरा दिया और पत्थर से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद लाश झाड़ियों में ले जाकर मृतक के थैले में रखे कपड़ा व अपना कपड़ा उतारकर लाश को जलाकर बिना कपड़े के घर भाग गए थे।

### करा लिया था मुंडन

हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद नहीं पकड़े जाने पर आरोपी अरूण दास मानिकपुरी ने अपने सिर का मुंडन करा लिया था। शराब पीने के दौरान मुखबिर ने उससे मुंडन कराने के संबंध में पूछा तो नशे में बताया कि उसने एक व्यक्ति की हत्या कर लाश जला दी है।

### तीन दिन तक शराब दुकान में भटकते रहे आरक्षक

सीएसपी श्री परिहार ने मृतक की पहचान होने पर सिरगिट्टी थाना के वर्तमान आरक्षक अतुल सिंह, लक्ष्मी कश्यप, तरूण केशरवानी, बोधूराम कुम्हार व पुराने काम कर चुके सिविल लाइन से आरक्षक केशव मार्को, सरकण्डा से आरक्षक विरेन्द्र साहू, तारबाहर से आरक्षक अश्लम की टीम बनाई। आखरीबार मृतक शराब दुकान में दिखा था। उसी ऐंगल में सिपाही सिविल ड्रेस में तीन दिन तक शराब दुकान के आसपास भटकते रहे। वहीं मुखबिरों को पैसा देकर शराब पीने के लिए शराब दुकान भेजा जा रहा था। इसी दौरान आरक्षक मार्को को मुखबिर से सूचना मिली कि शराब पीने के दौरान तिफरा अभिलाषा परिसर निवासी अरूण दास मानिकपुरी पिता सुम्मत दास मानिकपुरी 30 साल एक व्यक्ति की हत्या कर जला देने की बात कह रहा था। उसके बाद टीम ने अरूण दास मानिकपुरी को हिरासत में ले लिया। कड़ाई बरतने पर उसने अपने दोस्त तिफरा यातायात नगर निवासी धनेश लोधी उर्फ राजू पिता सिद्धराम लोधी 34 साल के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके दोस्त धनेश लोधी उर्फ राजू को पकड़कर पूछताछ की तो उसने भी स्वीकार कर लिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1, 238 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### हत्या के बाद सूने मकान में की चोरी

हत्या के बाद नहीं पकड़े जाने पर आरोपी अरूण दास मानिकपुरी के हौसले बुलंद हो गए थे। इस दौरान उसने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अभिलाषा परिसर के एक सूने मकान से सवा लाख रुपए के जेवर, नकद, लैपटाप, मोबाइल चोरी किया था। पुलिस उसके फरार साथी की तलाश कर रही है।

# 269 दलालों के खिलाफ कार्रवाई 59 लाख रुपए की टिकिट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध टिकिट दलालों के खिलाफ की छापामार कार्रवाई

रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध टिकिट दलालों के खिलाफ छापामार कार्रवाई करते हुए अब तक 269 टिकिट दलालों से 59.89 रुपए की ई-टिकिट जब्त करने के बाद रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल की ओर से यात्रियों की सुरक्षा, उनकी सुगम एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने तथा रेलवे टिकट प्रणाली को अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने हेतु लगातार प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में ऑपरेशन यात्री सुरक्षा और ऑपरेशन उपलब्ध के तहत उल्लेखनीय सफलताएँ दर्ज की गई हैं। ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आरपीएफ़ ने महत्वपूर्ण स्टेशनों में होने वाले यात्रियों से संबंधित अपराधों का गहन विश्लेषण कर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। तीनों मंडलों में विशेष टास्क टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक पोस्ट स्तर पर टीमें सक्रिय की गईं है। सभी अपराध गुप्तचर शाखाओं को पूरी तरह एक्टिव किया गया है। इसके साथ ही रात्रिकाल में महत्वपूर्ण यात्री गाड़ियों में स्कार्टिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया सहित प्रमुख स्टेशनों से यात्रियों से संबंधित अपराध करने वाले 267 आरोपियों के विरुद्ध कारवाई किया गया। वहीं वर्ष 2025 में अब तक 294 आरोपियों के विरुद्ध किया गया है। अवैध टिकट दलाली पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन उपलब्ध लगातार चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत तीनों मंडलों में छापेमारी कर वर्ष 2024 में 331 अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से लगभग 1.27 करोड़ रुपये मूल्य के टिकट बरामद किए गए। वर्ष 2025 में अब तक 269 अवैध टिकट दलालों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। उनके पास से लगभग 59.89 लाख रुपये मूल्य की ई-टिकटें जब्त कर रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई है, जिसके अंतर्गत अधिकतम तीन वर्ष की सजा का प्रावधान है।

### रोशनदान से घुसकर राइस मिल से 1 लाख 55 हजार नकद, मोबाइल चोरी

**बिलासपुर।** चोरों ने रोशनदान से घुसकर राइस मिल के आफिस के आलमारी व टेबल का दराज तोड़कर 1 लाख 55 हजार रुपए नकद व मोबाइल चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों के पतासाजी में जुट गई है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, बिल्हा वार्ड क्रमांक 4 निवासी अनिश अग्रवाल पिता अनिल कुमार अग्रवाल की ग्राम गुमा में राइसमिल है। 8 दिसंबर को वे बैंक से 2 लाख रुपए निकालकर 1 लाख 55 हजार रुपए राइसमील के आफिस के आलमारी में रखकर घरेलू कार्य होने से जल्दी घर चले गए। रात 9 बजे मिल के कर्मचारी बंद कर अपने अपने घर चले गए। देर रात चोरों ने रोशनदान से आफिस में घुसकर आलमारी व टेबल का दराज तोड़कर 1 लाख 55 हजार रुपए नकद व एक मोबाइल चोरी कर लिया, फिर उसी रास्ते से भाग गए। 9 दिसंबर को कर्मचारी मिल पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। उसके बाद श्री अग्रवाल ने मिल जाकर देखा तो आलमारी व टेबल का दराज टूटी मिली। सूचना पर पुलिस ने मिल जाकर आफिस का निरीक्षण किया। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# बस स्टैंड के पास घर में घुसकर महिला से की लूटपाट, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा शहर के बस स्टैंड स्थित देशी शराब दुकान के पास एक मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया, जब अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं लूटेरों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया।

पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर मोहल्ले में तालाब के पास रहने वाली परमेश्वरी देवांगन उम्र 53 वर्ष के घर में चार अज्ञात बदमाश घुस आए। बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की और उनके पास मौजूद सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता और आसपास के लोग दहशत में हैं। इधर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# कोनी-मोपका सड़क का निर्माण जल्द, फोर लेन का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**राशि मिली टू-लेन के लायक**

**बेलतरा विधायक की मांग भविष्य को देखते हुए फोरलेन बने**

पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी कोनी-मोपका सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। तेरह किलोमीटर लंबाई में नए सिरे से निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 59 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बेलतरा विधायक की मांग पर इस सड़क को फोरलेन बनाने संबंधी पत्र भी शासन को भेजा गया है।

कोनी से मोपका के बीच पूरी तरह बर्बाद हो चुकी सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा जल्द ही प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान में यह सड़क तेरह किलोमीटर लंबाई में टू-लेन बनाई जानी है।

शासन द्वारा इससे लिए 59 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक सुशांत शुक्ला के द्वारा भविष्य में ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखते हुए एवं इस सड़क की उपयोगिता के मद्देनजर फोर लेन बनाने का सुझाव दिया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार एवं वर्तमान में उपलब्ध राशि के आधार पर फिलहाल सड़क को टू-लेन बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही क्षेत्रीय विधायक के प्रस्ताव से शासन को अवगत कराने के लिए पत्र भेजा गया है।

### प्रस्ताव

कोनी-मोपका टू-लेन सड़क का निर्माण जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। तेरह किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क के लिए 59 करोड़ की स्वीकृति मिली है। क्षेत्रीय विधायक के प्रस्ताव अनुसार सड़क को फोरलेन बनाने संबंधी स्वीकृति के लिए भी शासन को पत्र भेजा गया है।

-सीएस विंध्यराज, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

# मंडी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई, 88 क्विंटल धान जब्त

**जांजगीर-चांपा।** धान के अवैध भंडारण को लेकर टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 88 क्विंटल धान जब्त किया गया है। साथ ही माप तौल कर धान का पंचनामा तैयार किया गया। उक्त कार्रवाई से धान बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब है कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में बिचौलियों एवं कोचियों पर मंडी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बुधवार 10 दिसंबर को अवैध धान परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान चलाया गया। तहसील जांजगीर के ग्राम नवापारा में कृष्णाकन्हाई से 220 कट्टी (88 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया। टीम ने मौके पर धान की माप–तौल कर पंचनामा तैयार करते हुए आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया पूर्ण की। इसी तरह तहसील पामगढ़ के ग्राम भैंसो में रूपराम साहू से 35 कट्टी अवैध धान जब्त किया गया।

# संस्कृति, परंपरा और गौरव का संगम बना जनजाति गौरव दिवस

## बरपाली महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय बरपाली महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस सांस्कृतिक गरिमा और पारंपरिक विविधताओं के साथ मनाया गया। यह आयोजन जनजातीय समाज की समृद्ध विरासत, गौरवशाली इतिहास, संघर्षों और अतुलनीय योगदानों को समर्पित रहा। पूरे महाविद्यालय परिसर को जनजातीय रंगों, प्रतीकों, चित्रों और पारंपरिक सजावट से अलंकृत किया गया, जिसने कार्यक्रम को अत्यंत आकर्षक और भव्य स्वरूप प्रदान किया।

अलग खबर

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए जनजातीय लोकनृत्यों सरहुल, पंथी, गोंडी एवं करमा नृत्य ने

**खास बात**

- इतिहास के गौरवशाली संघर्ष और विरासत को याद किया छात्र छात्राओं ने



उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। ढोल, मांदर और नगाड़ों की थाप पर थिरकते कदमों ने पूरे वातावरण को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। इसके साथ ही जनजातीय लोकगीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ और भारत की लोकसंस्कृति से सभी को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। समारोह के दौरान महाविद्यालय परिसर में जनजातीय आभूषण, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प, वनज उत्पाद, औजार एवं सांस्कृतिक प्रतीकों की भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। छात्र-छात्राओं ने अपने सृजनात्मक कौशल से जनजातीय जीवनशैली से जुड़ी वस्तुओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़िया व्यंजनों जैसे चीला, फरा, भाजी, बोरे बासी, देसी मिठाइयाँ की विशेष व्यवस्था की गई थी। पारंपरिक स्वाद और खुशबू ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध खाद्य संस्कृति से रूबरू कराया। सभी ने इन व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।

## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री ऑक्सीजोन का करेंगे लोकार्पण, 80 नग ई रिक्शा का करेंगे वितरण



**कोरबा।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 11 दिसंबर को ऑक्सीजोन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन के लिए 80 नग ई रिक्शा का वितरण भी करेंगे। नगर निगम के भंडार गृह में दोपहर 3 बजे ई रिक्शा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं पोड़ीबहार उद्यान में शाम 4 बजे लोकार्पण, भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर निगम द्वारा ड़ोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य के लिए 80 नग ई रिक्शा निगम के सफाई बेड़े में शामिल किए गए हैं। 11 दिसंबर को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन इन सभी ई रिक्शा को स्वच्छता दीदियों को सफाई व्यवस्था कार्य के लिए वितरण करेंगे। इसी प्रकार नगर निगम द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत पोडीबहार उद्यान में ऑक्सी रिच जोन का निर्माण 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से कराया गया है, जिसका लोकार्पण भी उद्योग मंत्री भी श्री देवांगन के द्वारा किया जाएगा।

### बिंझवार समाज ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस



**मड़वारानी।** ग्राम मड़वारानी में बिंझवार समाज के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, अध्यक्षता कीर्तनलाल बिंझवार केन्द्रीय अध्यक्ष, संरक्षक महेत्तर सिंह बिंझवार पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस की शुरुआत कर अतिथियों के द्वारा आजादी की लड़ाई में वीर नारायण सिंह के योगदान और बलिदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को उनकी राह पर चलने के लिए आह्वान करने के साथ समाज को अग्रसर होने को कहा ताकि वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस को अविस्मरणीय बनाने के लिए समाज की भावी पीढ़ी भी उनके बलिदान और योगदान को याद करते रहे। इस अवसर पर रामदयाल, रामप्यारे बिंझवार, श्रीमती हरकुमारी बिंझवार, राम बिंझवार, विदेशीराम बिंझवार, श्रीमती अशोका कंवर, श्रीमती लक्ष्मीन बाई कंवर, अजय कुमार कंवर, श्रीमति देवीबाई राजवाड़े, कृष्णकुमार बिंझवार, राजाराम बिंझवार, मल्लू सिंह बिंझवार, पंचराम बिंझवार, सेवाराम बिंझवार सहित अन्य उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस पर याद करते हुए छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने दीपका में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सेनानियों ने वीर नारायण सिंह की शहादत को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख सदस्यों और सेनानियों ने अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन संघर्ष और प्रदेश के लिए दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि वीर नारायण सिंह ने अन्याय और शोषण के विरुद्ध आवाज़ उठाई और अपनी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा । कार्यक्रम की सफलता में प्रमुख रूप से उमा गोपाल ललित महिलांगे प्रकाश जायसवाल महेंद्र कांत कान्हा अहीर सर्वेश सागर बिसाहू यादव गणेश राम लालू समार सिंह कंवर अनिल कुमार भुवन सिंह और आशीष कुमार सहित छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अन्य सेनानियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## निधन

### ज्ञान देवी झा



**कोरबा।** लुधियाना टेक्नो इंजीनियरिंग के संचालक संजय झा की माता ज्ञान देवी उम्र 75 का बुधवार की शाम एमजेएम अस्पताल कोरबा में निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र अरुण कुमार झा, प्रेम कुमार झा, पवन कुमार झा तथा संजय समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। कृष्णा हाइटस डीडीएम रोड स्थित निवास से 11 दिसंबर को अंतिम यात्रा मोतीसागरपारा मुक्तिधाम के लिए सुबह 9.30 बजे निकलेगी।

### सुभावती सिंह



**कोरबा।** बांकीमोंगरा के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समाज सेवी टीडी सिंह की धर्मपत्नी एवं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण कोरबा विकास विक्की सिंह की नानी सुभावती सिंह का निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थीं। उनका अंतिम यात्रा 11 दिसंबर की सुबह 10 बजे निवास स्थान शांतिनगर से मोंगरा स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## शुद्ध पेयजल के लिए शुरु किया गया आरो सेंटर भी पड़ा है बंद

# अंधेरे में समाई हैं रजगामार क्षेत्र की सड़कें एवं प्रमुख चौक चौराहे



रजगामार बस्ती जाने वाला पुल जहां नहीं लगी है स्ट्रीट लाइट।



शेडविहीन सप्ताहिक बाजार स्थल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से महज 20 किमी दूर जिले की सबसे पुरानी भूमिगत कोयला खदान क्षेत्र रजगामार के प्रमुख चौक चौराहे और सड़कें पिछले कुछ महीनों से अंधेरे में डूबी हुई है। सड़कों के किनारे खंभे तो नजर आ रहे हैं मगर उनमें लगी लाईट खराब हो गई है या फिर गायब। आसपास के व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स से आने वाली रौशनी से ही सड़कों में उजाला रहता है।

**खास बात**

- दो साप्ताहिक बाजारों के लिए शेड भी अब तक नहीं बना, पंचायत मद के खर्च पर उठे सवाल

मूलभूत और आवश्यक सुविधाओं के लिए रजगामार क्षेत्र लगातार समस्याओं का सामना कर रहा है। जबकि क्षेत्र में एक बड़ी आबादी निवास करती है। एसईसीएल कॉलोनी के साथ साथ आसपास के ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत रजगामार के अधीन आता है। एसईसीएल की एक बड़ी भूमिगत खदान को इस क्षेत्र में चलते हुए वर्षों बीत गए हैं किंतु उसके द्वारा अपने सामाजिक सरोकार योजना के तहत भी कार्य नहीं किए जा रहे हैं। जबकि क्षेत्र से एक बड़ा राजस्व भ एसईसीएल प्रबंधन को मिलता है। प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जो जिम्मेदारी निभानी चाहिए उसमें कहीं न कहीं कुछ कमी देखी जा रही है। हालांकि शुद्ध पेयजल के लिए प्रबंधन के द्वारा ऑरों सेंटर का शुभारंभ किया गया था जो मुश्किल से एक माह तक चला होगा उसके बाद से बंद पड़ा हुआ है। इसी तरह ग्राम पंचायत रजगामार को भी 50 लाख रुपए तक के कार्य कराए जाने का अधिकार दिये जाने के बावजूद पंचायत मद का उपयोग क्षेत्रवासियों के लिए नहीं किया जा रहा है।

### वर्ष 1991 में घोषित हुआ था जनगणना नगर

वर्ष 1991 जनगणना के अनुसार रजगामार क्षेत्र को जनगणना नगर घोषित किया गया था। किसी भी क्षेत्र को जनगणना नगर घोषित करने के लिए उस क्षेत्र में 10 हजार की आबादी होना आवश्यक है और आज से 25 साल पहले रजगामार की आबादी 10 हजार थी जो आज बढ़ गई है। किंतु कई सुविधाओं के लिए क्षेत्र की जनता को इंतजार बना हुआ है।

### नगर पंचायत बनाने की दरकार

जिले के छुरी और पाली जैसे 5 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा दिया जा चुका है। किंतु रजगामार जो आबादी के दृष्टि से नगर पंचायत बनने का दर्जा रखता है लेकिन राजनीतिक रुप से रजगामार पाली और छुरी पंचायतों से पीछे रह गया और अब तक क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा दिये जाने जैसी योजनाओं पर किसी ने सुध नहीं ली। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में केवल एक ही एसईसीएल की भूमिगत खदान है वह भी रजगामार में उसके बाद भी स्थानीय प्रतिनिधियों के द्वारा नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया।

## पुलिस ने मारपीट के 6 आरोपी 5 नाबालिक को किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया था। जहां पुलिस ने हमलावर दो युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। वहीं बुधवार को पुलिस ने 6 युवकों और 5 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी स्टेशन रोड स्थित शनि मंदिर के पास हुई थी। कोतवाली पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। जांच के बाद 6 युवकों और 5 नाबालिगों को पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान गोविंदा सागर, अविनाश सागर, शंभू, रमेश, सरवन सागर और आकाश सागर के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी मोतीसागरपारा के निवासी हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में होने के बाद आरोपियों की पहचान में मदद मिली थी। सीतामणी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास दो युवकों के बीच पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद मोतीसागरपारा के युवकों ने प्रार्थी प्रकाश दास पर हमला कर दिया था।

### सुंदरकांड पाठ धार्मिक अनुष्ठान का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** तुलसी नगर क्षेत्र में सुंदरकांड पाठ का धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार से शुरू किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और संकट मोचन श्री हनुमान की पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के नागरिक पूरे भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ का वाचन यहां पर कर रहे है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अनुष्ठान के समापन कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

## नगर निगम ने पालतू कुत्ते-बिल्लियों को लगवाए एंटी-रैबीज के टीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पालतू कुत्तों और बिल्लियों के लिए एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। शहरी क्षेत्रों में पालतू पशुओं से होने वाली घटनाओं और इंसानों पर बढ़ते खतरों को देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम ने यह पहल की है। यह अभियान दशहरा मैदान राजेंद्र नगर में शुरू हुआ है और इसे अन्य क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा।

नगर निगम ने पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से इस एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन कैंपेन का आयोजन किया। डॉ.राजेंद्र नगर के दशहरा मैदान में मोबाइल मेडिकल यूनिट की उपस्थिति में पालतू कुत्तों और बिल्लियों को निशुल्क टीके लगाए गए। पर्याप्त प्रचार-प्रसार के बाद विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपने पशुओं को लेकर शिविर में पहुंचे, जहां सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए टीकाकरण किया गया। चिकित्सा अधिकारी दीपा कंवर ने बताया कि मौके पर कुल 70 पशुओं को एंटी-रेबीज टीके लगाए गए। उन्होंने कहा कि यह टीका पालतू पशुओं को सुरक्षित रखता है और उनके संपर्क में आने वाले इंसानों के लिए भी राहत प्रदान करता है। पशु मालिकों के लिए यह टीकाकरण अनिवार्य है ताकि भविष्य में किसी भी परेशानी से बचा जा सके।

### आवारा पशुओं पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश के बाद प्रदेश में लोक शिक्षण विभाग ने सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों को इस दिशा में काम करने को कहा था। वर्तमान में लोग स्वयं भी आवारा कुत्तों पर निगरानी रख रहे हैं ताकि उनके कारण दूसरों की जान को खतरा न हो।

## कटघोरा में 50 आवारा कुत्तों को लगाए गए टीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पशुओं से फैलने वाले संक्रमणों की रोकथाम के उद्देश्य से जिले के सभी नगरीय निकायों में आवारा कुत्तों के लिए व्यापक एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में कटघोरा नगर पालिका परिषद और पशु चिकित्सालय विभाग की संयुक्त टीम लगातार शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर अभियान को गति दे रही है।

अभियान के तहत टीम ने कटघोरा नगर के विभिन्न वार्डों, प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में घूमकर अब तक 50 आवारा कुत्तों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया है। प्रतिदिन 15 से 20 कुत्तों को सुरक्षित रूप से पकड़कर उन्हें एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है, ताकि किसी भी संभावित संक्रमण का खतरा कम किया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आवारा कुत्तों से फैलने वाली बीमारियां गंभीर स्वरूप ले सकती हैं। उन्होंने कहा नियमित और व्यापक वैक्सीनेशन से शहर में सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाना हमारा लक्ष्य है। इस अभियान को तब तक जारी रखा जाएगा, जब तक अधिकतम संख्या में आवारा कुत्तों का टीकाकरण नहीं हो जाता। अधिकारी ने यह भी बताया कि यह पहल न केवल लोगों को रेबीज जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखेगी, बल्कि पशु कल्याण और संवेदनशीलता को भी बढ़ावा देगी।

### बांकीमोंगरा में भी चला अभियान

**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा और पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का टीकाकरण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अब तक 50 से 60 आवारा कुत्तों का टीकाकरण पूरा किया जा चुका है। अभियान सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और पशु धर्म-कल्याण विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण और पशु सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नगर पालिका परिषद बांकी-मोंगरा की नोडल अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो ने बताया कि शहर/क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर टीम लगाकर टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। टीकाकरण एवं नसबंदी हेतु अधिकृत एजेंसी से अनुबंध किया गया है। स्ट्रीट डॉग फीडिंग हेतु लगभग 60 स्थान चिह्नांकित किए गए हैं, जिन पर बोर्ड लगाने का कार्य अंतिम चरण में है। एक वाहन और प्रशिक्षित कैचिंग टीम भी गठित की गई है, जो नियंत्रण एवं पकड़ने के कार्य में लगी है। इसके साथ पालतू कुत्तों के मालिकों से अपील की गई है कि वे अपने कुत्तों का निःशुल्क टीकाकरण पशु चिकित्सा विभाग में करवाएँ। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा ने पशु-प्रेमियों से स्ट्रीट डॉग को गोद लेने के लिए आगे आने की अपील की है। इच्छुक पशु-प्रेमी संबंधित आवेदन नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में जमा कर सकते हैं।

### मानसिक सशक्तिकरण पर संगोष्ठी आयोजित

**कोरबा।** महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसा के प्रति समाज को जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर, निडर और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब कोरबा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अभियान ऑरेंज द वर्ल्ड स्टॉप वाइलेंस अगेन्स्ट वूमन एण्ड गर्ल्स के अंतर्गत एक अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक जागरूकता संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों, आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीकों तथा मानसिक मजबूती के महत्व से अवगत कराना रहा। निरीक्षक भावना खंडारे ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार के अन्याय, शोषण या हिंसा के विरुद्ध बिना भय के अपनी आवाज उठाएँ। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएँ एवं तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

## हेल्थ प्लस

### एनकेएच में हृदय रोगियों को मिल रहा बड़े शहरों जैसा उपचार




**कोरबा।** शहर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एनकेएच में कैथलैब की सुविधा शुरू होने के बाद से हृदय रोगियों को अब बड़े शहरों की तरह अत्याधुनिक इलाज की सुविधा मिल रही है। इससे मरीजों को रायपुर या बिलासपुर जैसे शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। कम समय में अपने ही शहर में इलाज उपलब्ध होने से कई मरीजों की जीवन रक्षा संभव हो रही है। ठंड के मौसम में पिछले एक सप्ताह के भीतर हृदय संबंधी परेशानियों के 30 से अधिक मरीज एनकेएच पहुंचे, जिनमें से सभी को तुरंत उपचार शुरू किया गया। कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. एस.एस. मोहंती के नेतृत्व में आवश्यक परीक्षण के बाद 4 मरीजों की एंजियोग्राफी की गई, जिनमें से 1 मरीजों की एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की गई। अब सभी मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं। रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. सतीश सूर्यवंशी, डॉ. एस.एस. मोहंती व डॉ. दीपक कुमार नियमित रूप से एनकेएच में सेवाएं दे रहे हैं। ये विशेषज्ञ हर माह 4 से 6 बार विजिट करते हैं और आपात स्थिति में भी तुरंत पहुंचकर मरीजों का इलाज करते हैं। एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि अब कोरबा के मरीजों को बाहर जाने की जरूरत नहीं रही। समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है और त्वरित इलाज मिलने से मरीजों की लाइफ रिस्क में भारी कमी आई है। उन्होंने बताया कि कार्डियोलॉजी विभाग में संचालित यह कैथलैब जिले की पहली ऐसी लैब है, जहां हृदय रोगों से संबंधित सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। अब कोरबा में भी बड़े शहरों जैसी हृदय उपचार सुविधाएं मरीजों को जीवनदान मिल रहा है।

## स्व.मुकेश की स्मृति में सीजन 9 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के स्थानीय गजरा मैदान में स्व.मुकेश तिवारी की स्मृति में आयोजित किए जा रहे रणजी की खोज सीजन 9 क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पार्षद राकेश अग्रवाल, प्रमोद सोना, राजकुमार मिश्रा, संदीप डहरिया, बाकी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष कृपा राम साहु, उपाध्यक्ष संजय आजाद, सचिव शंकर दास , महेन्द्र सिंह, प्रमोद खाडे, बाकी स्पोर्ट्स क्लब के आयोजन सोनू गजभिए, संतोष देवांगन, प्रेस क्लब अध्यक्ष निशांत झा, उमेश अग्रवाल, बाबूराव, पन्नालाल साहू, अशोक मिश्रा सहित नकुल पटेल, सूरज मिश्रा, प्रकाश झा, निखिल सिंगोटिया, केशव एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समस्त खेल प्रेमी व खिलाड़िया उपस्थित थे। जहां आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिजली कर्मचारियों...

गया था। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने अडियल रवैया अपनाते हुए दिसंबर में जारी नवंबर के विद्युत देयक में नियमित पेंशनर कर्मचारियों अधिकारियों को मध्यप्रदेश शासन के समय से मिल रहे अनुषंगी लाभ, विद्युत देयक में 50-25 प्रतिशत छुट को बंद कर उनका टैरिफ सामान्य उपभोक्ताओं के समान कर दिया गया है। जिन कर्मचारियों अधिकारियों ने रुफ टाप के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया गया है उन्हें भी विद्युत देयक में मिलने वाले छुट से वंचित कर दिया गया है। कंपनी प्रबंधन के इस तानाशाही रवैये से समस्त कर्मचारियों अधिकारियों में रोष व्याप्त है।

### कुसमुंडा खदान...

पालन न करने पर नाराजगी जताई गई और आगे की रणनीति पर विचार हुआ। आने वाले समय में प्रदेश स्तरीय बड़े आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। एसईसीएल और टीएसआर द्वारा कथित फर्जी केस दर्ज करने के मुद्दे को उठाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि संगठन मजदूर हितों को लेकर अपनी लड़ाई और तेज करेगा। आने वाले दिनों में आंदोलन की दिशा को लेकर बड़ा फैसला लिया जाएगा।

### तीन सदस्यीय...

चौक तक की स्थिति जाम लगने के कारण आम लोगों का मार्ग से गुजरना मुश्किल हो चुका है। प्रतिदिन इन सड़कों में जाम लगना आए दिन की बात हो गई है। कलेक्टर अजीत वसंत ने बुधवार को ग्राम कुदुरमाल में हसदेव नदी पर स्थित पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान सेतु, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के इंजीनियर भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वसंत ने पुल की जर्जर स्थिति और आवागमन पर प्रतिबंध को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग तलाशने की संभावनाओं का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली रैली में भाग लेने युकां कार्यकर्ताओं का दल हुआ रवाना



**हरदीबाजार।** युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष इश्हाक खान के नेतृत्व में 12 दिसंबर को 25 सदस्यीय दल दिल्ली के लिए रवाना होगी। जहां 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में आयोजित वोट छोड़, गाड़ी छोड़ महा रैली में शामिल होंगे। यह रैली नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जनादेश की डकैती के खिलाफ आवाज उठाना, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना और जनता के हक़ की लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करना है। इश्हाक खान ने कहा कि हम सब दिल्ली इसलिए जा रहे हैं ताकि युवाओं की आवाज़ को राष्ट्रीय मंच पर मज़बूती से रखा जा सके। यह लड़ाई लोकतंत्र बचाने और जनता के अधिकारों के लिए है। युवा कांग्रेस का यह दल पूरे जोश और संकल्प के साथ 12 दिसंबर को दिल्ली के लिए निकलने की तैयारी में है।

### एग्रीस्टेक पोर्टल में खसरा नंबर को जोड़ने गांव में लगने लगे विशेष शिविर

**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय करने वाले सभी पंजीकृत किसानों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों के खसरे एकीकृत किसान पोर्टल में दर्ज हैं, परंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में अपडेट फार्मर रिक्वेस्ट आवेदन लंबित है, वे अपने सभी खसरों को शीघ्र एग्रीस्टेक पोर्टल में जोड़वा लें। धान उपार्जन की प्रक्रिया में निर्बाध रूप से सम्मिलित होने के लिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक किसान एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत हो तथा एग्रीस्टेक पोर्टल में 11 अंकों का फार्मर आईडी बनाकर अपने समस्त खसरों का अंकन पूर्ण करे। 5 दिसंबर तक की स्थिति में आने वाले किसानों, जिनके आवेदन हेतु लंबित हैं, को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वे अपने खसरे एग्रीस्टेक पोर्टल में स्वयं जोड़ें, या संबंधित समिति के एग्रीस्टेक लॉगिन अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से यह कार्य पूर्ण कराएं। खसरा जोड़ने की प्रक्रिया हेतु ऋण पुस्तिका या बी-1, आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

### जायसवाल समवर्गीय महासभा का राष्ट्रीय महाधिवेशन शिरडी में होगा आयोजित

**कटघोरा।** भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा का राष्ट्रीय महाधिवेशन 13 और 14 दिसम्बर को शिरडी में अखिल मुम्बई युवा मंच की मेजबानी में सम्पन्न होगा। राष्ट्रीय सचिव विनोद जायसवाल ने जानकारी दी है कि पूरे राष्ट्र के सभी राज्यो से लगभग 2500 आजीवन सदस्य इस महाधिवेशन में शिरकत करेंगे। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग से 257 आजीवन सदस्यों की पहुँचने की संभावना जतायी जा रही है। जिनके लिए आवास, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था 12 से 15 दिसम्बर तक मेजबान द्वारा की जाएगी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सहायक निर्वाचन अधिकारी रामगोपाल डिक्सेना ने बताया कि इस पांचवी राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रथम दिवस सभी राज्यों के कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव, महिला एवं युवा समिति, प्रदेश इकाइयों का प्रगति विवरण, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का विवरण सहित निर्वाचन संबंधी आवश्यक चर्चा की जाएगी।

### सूत सारथी समाज ने मनाई ब्रम्हर्षि सूत की जयंती

**कोरबा।** पूछापारा सारथी समाज भवन कटघोरा में ब्रम्हर्षि सूत जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रम्हर्षि सूत के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर, अशोक तिवारी अध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल कटघोरा, डाकेशवर शुक्ला कटघोरा, भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सूत सारथी समाज के अध्यक्ष दिलहरण सारथी, उपाध्यक्ष श्यामलाल बघेल, लाफा उपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि, भोलू सारथी, उपाध्यक्ष जिला, सचिव सरवन सारथी, कोषाध्यक्ष किताब सिंह, सभापति वेदुराम सारथी कोटेशर नगोई, अशोक सारथी कटघोरा अध्यक्ष, नैन सिंह बिटकुली, रतालू कटघोरा, रिखीराम, मया राम सारथी, छेदीलाल सारथी, हरिश्चंद सारथी पाली, कोरबा, सुमित्रा बाई सारथी महिला मंडल अध्यक्ष कोरबा, देवकी बाई, महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### निगम के फेस आफ द मंथ चुने गए सत्य प्रकाश, परमेश्वर व जोहन

**कोरबा।** नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक सत्य प्रकाश राठौर, सहायक ग्रेड 3 परमेश्वर शर्मा एवं स्वच्छता निरीक्षक जोहन सोनी को दिसम्बर माह का फेस आफ द मंथ चुना गया है। महापौर व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने फेस आफ द मंथ चुने गए इन कर्मचारियों को बधाई दी है तथा कार्य के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की है। आज से 11 माह पूर्व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष पहल पर निगम का फेस आफ द मंथ चुने जाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था, इसका मुख्य उद्देश्य निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित करना, उनका उत्साहवर्धन करना एवं अन्य कर्मचारियों को भी इस हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करना था। इसी कड़ी में निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक सत्य प्रकाश राठौर, सहायक ग्रेड 3 परमेश्वर शर्मा एवं स्वच्छता निरीक्षक जोहन सोनी को दिसम्बर माह हेतु निगम का फेस आफ द मंथ चुना गया है। आयुक्त ने निगम के फेस आफ द मंथ के रूप में कर्मचारियों का चयन किए जाने के लिए समिति का गठन किया है।

# महाविद्यालयों में कल से शुरु होगा सेमेस्टर परीक्षाओं का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर की सेमेस्टर परीक्षाओं का दौर 12 दिसंबर से शुरु हो रहा है। इसमें प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं पहले होंगी। इसके चार महीने बाद द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं ली जाएंगी।

अलग खबर

सेमेस्टर पद्धति से परीक्षाएं शुरु होने के कारण महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को अब परीक्षा की तैयारियों में पूर्व की अपेक्षा ज्यादा समय देना पड़ रहा है। किंतु कई महाविद्यालयों में बड़े सब्जेक्ट की फैकल्टी नहीं होने के कारण उन सब्जेक्ट की तैयारी करने में छात्रों के सामने दिक्कते हो रही है। प्रवेश लेने के बाद भी फैकल्टी नहीं होने की समस्या से छात्र छात्राओं को जूझना पड़ रहा है।

## नई शिक्षा नीति के तहत अब सभी परीक्षाएं सेमेस्टर पद्धति से

**खास बात**

- स्नातक और स्नातकोत्तर की प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की होगी परीक्षा



### लंबे समय से नहीं हुई भर्ती

महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के कई पद रिक्त हैं। शासन के द्वारा लंबे समय से प्राध्यापकों के पद पर नियुक्ति नहीं किए जाने के कारण पद रिक्त बने हुए हैं। ऐसे महाविद्यालयों में जहां फैकल्टी की कमी बनी हुई है उनके द्वारा जनभागीदारी से सहायक प्राध्यापक रखे गए हैं। जिन्हें आंशिक मानदेय ही दिया जा रहा है। जनभागीदारी प्राध्यापकों के भरोसे फैकल्टी की समस्या से जूझ रहे महाविद्यालय के छात्र सेमेस्टर परीक्षा दिलाएंगे।

शहर में चलने वाले पीजी कॉलेज, मिनीमाता एवं अग्रसेन कॉलेज में सभी विषयों की फैकल्टी है। दिक्कतें ब्लॉक मुख्यालय में चलने वाले उन महाविद्यालयों के छात्रों को हो रही है जिन्होंने घर के समीप कॉलेज शुरु होने का फायदा उठाने के फेर में महाविद्यालय में प्रवेश तो ले लिया है किंतु फैकल्टी नहीं होने की स्थिति में उन्हें अपने स्तर पर ही परीक्षाओं की तैयारी करनी पड़ रही है। यह समस्या ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों के सामने ज्यादा आ रही है। राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार योजना अंतर्गत महाविद्यालय शुरु तो कर दिया है किंतु फैकल्टी को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है।

## पिछले वर्ष से 15 सौ हेक्टेयर का बढ़ा है रकबा

# इस वर्ष से दो समितियों में सरकारी दर से होगी सरसों, मसूर सहित खरीफ फसल की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस वर्ष से जिले की दो समितियों में सरकार के समर्थन मूल्य पर सरसों, मसूर सहित खरीफ फसल की खरीदी की जाएगी। इसके लिए सरकार ने समर्थन मूल्य जारी कर कृषि विभाग से फसल उत्पादन के बोनी रकबा की जानकारी एकत्र की है। जिले में पाली और पोड़ी विकासखंड में इन फसलों का ज्यादा उत्पादन होता है।

समर्थन मूल्य में धान की खरीदी के बाद सरकार बीते वर्ष से मूंग, उड़द, मसूर, सरसों, सोयाबीन आदि खरीफ फसल की खरीदी पिछले वर्ष से शुरु की गई थी लेकिन जिले में इसकी खरीदी इस वर्ष से की जा रही है। कृषि विभाग से जिले में फसल के बोनी रकबे की जानकारी मांगी गई है। कुल 65 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी होती है किंतु दलहन, तिलहन, सरसों आदि के लिए केवल दो समिति ही अधिकृत की गई है। इसका प्रमुख कारण है कि पाली और पोड़ी विकासखंड अंतर्गत इनकी फसल ज्यादा ली जाती है। जिसके लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया गया था। समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए राज्य शासन ने कृषि विभाग को निर्देश जारी किया है। पोड़ी उपरोड़ा और पाली विकाखंड में इन फसलों का सर्वाधिक उत्पादन होता है। जिनके लिए समर्थन मूल्य भी राज्य सरकार के द्वारा घोषित किये गए हैं। जिले में पहली बार खरीफ की फसलों की खरीदी की शुरुआत हुई है। इससे उन किसानों को फायदा होगा जो धान की फसल लेने के बाद खरीफ की फसल भी लिया करते हैं।



फाइल फोटो

### इतने हेक्टेयर में होता है उत्पादन

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में पहली बार खरीफ के फसलों की खरीदी की शुरुआत हुई। लगातार प्रयास के बाद पिछले वर्ष की तुलना में खरीफ के फसलों का बोनी रकबे में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान में मूंगफली की फसल 1200 हेक्टेयर में ली जा रही है। वहीं अरहर 6 हजार, मूंग 11 सौ हेक्टेयर तथा उड़द की फसल 4 हजार हेक्टेयर में ली जा रही है।

### फसल का समर्थन मूल्य

| फसल | समर्थन मूल्य |
|---|---|
| मूंगफली | 7263 |
| अरहर | 8000 |
| मूंग | 8768 |
| उड़द | 7800 |
| सोयाबीन | 5238 |
| चना | 5875 |
| मसूर | 7000 |
| सरसों | 6200 |

### इस वर्ष से होगी खरीदी

खरीफ के फसलों की खरीदी इस वर्ष से होगी। जिले में पहली बार खरीदी कर रहे हैं, इसके लिए तिथि निर्धारित की गई है। अरहर की खरीदी 15 फरवरी से 15 मई के बीच इसके अलावा सोयाबीन मूंगफली, उड़द, मूंग की खरीदी 1 दिसंबर से 25 फरवरी तक ली जा रही है तथा चना मसूर की खरीदी 1 से 30 मार्च तक होगी। वहीं सरसों की खरीदी 15 फरवरी से 15 मई निर्धारित की गई है।

**-डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

# डॉ. भीमराव अंबेडकर कप क्रिकेट में विजयनगर बना विजेता



पुरस्कार ग्रहण करते विजयी टीम के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन किया गया। पंचायत स्तरीय इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में विजयनगर क्रिकेट टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हरदी बाजार क्रिकेट टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 21 हजार रुपए एवं शील्ड, उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए एवं शील्ड तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम अण्डीकछार को 5 हजार रुपए एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच निखिल, मैन ऑफ द सीरीज दीपक , सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज प्रवीण, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज ओम भार्गव , सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक शशिकांत, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर चंद्रप्रकाश तथा सर्वश्रेष्ठ दर्शक के विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती सनिता अनिल टंडन (जनपद सदस्य), लोकेश्वर कंवर (सरपंच, हरदी बाजार), व्यास राठौर (विधायक प्रतिनिधि) सहित, बॉबी राठौर, पंचनानी राठौर, शुभम मानिकपुरी, जॉन सिंह, मोहित पाटले, (उपसरपंच रेकी शिवनारायण यादव, पूर्व जनपद सदस्य बृहस्पति बाई पति हरनारायण यादव उपस्थित रहे और उनके द्वारा सहयोग राशि 7 हजार रुपए हरदीबाजार वॉरियर्स को दिया गया। प्रतियोगिता का संचालन सूरज सूर्यवंशी, प्रवीण श्याम, गजेंद्र सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम सदस्य सूर्या, सिद्धू, दीपक,छोटू, द्रविड,रामजाने, विष्णु, योगेश, ओम शशिकांत ,शाहिद ,वीरेंद्र,कैलाश, कृष्ण,अमन, घायल, दौलत कुर्रे व अनुकरणीय रूप से किया गया।

# जिले में गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम 2000 लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन द्वारा अचल (स्थावर) संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं वास्तविक बनाने हेतु महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। अब राज्य गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम 2000 लागू किया गया है।

**खास बात**

- किसानों को उनके भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य पर मिलव सकेगा मुआवजा

पिछले 7–8 वर्षों से गाइडलाइन दरों में वृद्धि न किए जाने के कारण संपत्तियों के वास्तविक बाजार मूल्य और गाइडलाइन दरों में असंतुलन की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस असंतुलन को दूर करने हेतु वार्ड परिसीमन, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास स्तर, मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्गों की वास्तविक स्थिति तथा समान प्रकृति वाले क्षेत्रों का समूहीकरण करते हुए गाइडलाइन दरों को नई रूपरेखा प्रदान की गई है। इससे किसानों को उनके भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य के अनुरूप मुआवजा प्राप्त हो सकेगा तथा आम नागरिकों को संपत्तियों के वास्तविक मूल्य मानकों के आधार पर हाउसिंग लोन की राशि मिल सकेगी।

शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय वार्डों के भीतर मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्ग पर स्थित संपत्तियों की दरों में जो असमानता थी, उसे दूर कर एकसमान दरें निर्धारित की गई हैं। पूर्व की गाइडलाइन में कई अनावश्यक कंडिकाएं निर्धारित थीं, जिनके कारण आम नागरिकों को अपने संपत्ति का सही मूल्यांकन समझने में कठिनाई होती थी। नई गाइडलाइन में प्रत्येक वार्ड की कंडिकाओं को सुव्यवस्थित ढंग से समायोजित किया गया है, ताकि कोई रेट ओवरलेपिंग की स्थिति उत्पन्न न हो। उदाहरणस्वरूप, नगर निगम के वार्ड क्रमांक 13 में एक ही मार्ग के दोनों ओर स्थित भूमि की दरों में अंतर था, जिसे अब एक समान कर दिया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 1 रामसागर पारा की कंडिकाओं में 20 मीटर अंदर स्थित संपत्तियों की दो अलग-अलग दरों के कारण उत्पन्न भ्रम को भी समाप्त कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्ग के आमने-सामने स्थित भूमि के वास्तविक उपयोग एवं प्रकृति को ध्यान में रखते हुए दरों में समानता सुनिश्चित की गई है।

# बालको में उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान समारोह में 528 कर्मचारी सम्मानित




कर्मचारियों का सम्मान करते बालको के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शानदार उत्पादन प्रदर्शन और अनुशासन, उत्पादकता और टीमवर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'उत्कृष्ट उत्पादन सम्मान' समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में कुल 528 बालको कर्मचारियों एवं व्यवसायिक साझेदारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि में विभिन्न यूनिट्स की अहम भूमिका रही। कार्बन यूनिट से 151, पॉटलाइन-1 से 115, पॉटलाइन-2 से 171 तथा रोल्ड प्रोडक्ट्स (आरपी) से 91 कर्मचारियों एवं साझेदारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान बालको की विभिन्न इकाइयों ने उत्कृष्ट उत्पादन प्रदर्शन कर संगठन की उपलब्धियों में उल्लेखनीय योगदान दिया। पॉटलाइन-1 के 115 कर्मचारियों को उत्पादन लक्ष्य, प्रचालन अनुशासन और समन्वयपूर्ण कार्यशैली में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नेतृत्व टीम ने उनके सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पॉटलाइन-1 ने प्रदर्शन मानकों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं पॉटलाइन-2 से सर्वाधिक 171 कर्मचारियों को गौरवान्वित किया गया, जो उनकी अनुशासित कार्यप्रणाली, उच्च उत्पादन क्षमता और बेहतर समन्वय का स्पष्ट प्रमाण है। इसके साथ ही कार्बन यूनिट के 151 सदस्यों को उत्पादन, गुणवत्ता और संचालन में निरंतर अनुशासन बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया, जिनके प्रयासों से प्रचालन दक्षता को मजबूती मिली और उत्पादन प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। इसी तरह रोल्ड प्रोडक्ट्स यूनिट से 91 कर्मचारियों को उत्पादन, गुणवत्ता और प्रचालन दक्षता के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मान से नवाज़ा गया।

### डॉ राजीव सिंह भाजपा रायपुर संभाग के संगठन सह प्रभारी नियुक्त



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर संभाग के संगठन सहप्रभारी के रूप में भाजपा कोरबा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह को बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने डॉ राजीव सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आपका अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण निश्चित ही पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## मिनीमाता शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# जनजाति गौरव दिवस इतिहास के अध्यायों को करता है उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, संस्कृति ,सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित जनजाति गौरव वर्ष कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रघुराज सिंह उइके, विशिष्ट अभ्यागत पुष्पराज सिंह ठाकुर रहे।

जनजातीय गौरव नायक शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा एवं रानी दुर्गावती के तैल्यचित्र पर पुष्प और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जनजाति गौरव पर हमारे इतिहास के उन अध्यायों को उजागर करने का अवसर है। जिन्होंने देश की आजादी संस्कृति और समाज सुधार में असाधारण योगदान दिया। उन्होंने समावेशी विकास, जनजातीय शिक्षा, कला, भाषा और परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा भाषण, रंगोली, पोस्टर, जनजातीय व्यंजन सहित नायकों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसे सभी ने खूब सराहा आयोजन समिति के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि जनजातीय युवाओं में अपनी पहचान संस्कृति एवं संघर्षों के गौरव को समझने की प्रेरणा देना है। कार्यक्रम में प्रतिभागी सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया एवं प्राचार्य द्वारा अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त कर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में बलराम विश्वकर्मा, दीपक सिंह, प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर, अनिमा तिर्की सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की छात्र छात्राएं व अतिथि।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411